गाँव-शहर

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो [PAGE 10]

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (१) | Page 10

तुलना करो :

गाँव	शहर
_____	_____
_____	_____
_____	_____

Solution:

क्र.	गाँव	शहर
१.	गाँव खाली होता जा रहा है।	शहर में भीड़ बढ़ रही है।
२.	गाँव की जिंदगी में भागम-भाग नहीं है।	शहर की जिंदगी में बहुत भागम-भाग है।
३.	गाँव का शहरीकरण होने लगा है।	शहर और विकसित हो रहे हैं।

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) | Page 10

उचित जोड़ियाँ मिलाओ :

अ	उत्तर	आ
१. मेट्रो	_____	गाँव
२. पीपल	_____	कस्बा
		शहर

Solution:

अ	उत्तर
१. मेट्रो	**शहर**

२. पीपल	**गाँव्**

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) १. | Page 10

कृति पूर्ण करो :

गाँव का देखना — [ ]

Solution: गाँव का देखना - **टुकुर-टुकुर**

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) २. | Page 10

कृति पूर्ण करो :

शहर का देखना — [ ]

Solution: शहर का देखना - **दीदा फाड़कर**

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) १. | Page 10

एक शब्द में उत्तर लिखो :

लँगड़ाकर चलने वाली - _____

Solution: लँगड़ाकर चलने वाली - **गैया**

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) २. | Page 10

एक शब्द में उत्तर लिखो :

पत्ते झरा हुआ वृक्ष - _____

Solution: पत्ते झरा हुआ वृक्ष - **पीपल**

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) ३. | Page 10

एक शब्द में उत्तर लिखो :

बदले-से लगते हैं - _____

Solution: बदले-से लगते हैं - **सुर**

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) ४. | Page 10

एक शब्द में उत्तर लिखो :

जहाँ तिल रखने की जगह नहीं है - _____

Solution: जहाँ तिल रखने की जगह नहीं है - **शहर**

भाषा बिंदु [PAGE 10]

भाषा बिंदु | Q 1 | Page 10

पाठ्यपुस्तक के पाठों से विलोम और समानार्थी शब्द ढूँढ़कर उनकी सूची बनाओ और उनका अलग-अलग वाक्यों में प्रयोग करो।

Solution:

क्र.	समानार्थी शब्द	विलोम शब्द
१.	आदमी-मनुष्य	गाँव-शहर
२.	नजदीक-पास	प्रश्न-उत्तर
३.	पद-चरण	पहले-बाद
४.	हथियार-अस्त्र	छोटी-बड़ी
५.	सहारा-सहायता	सुख-दुख

समानार्थी शब्दों के वाक्य:

१. प्रश्न पूछना **आदमी/मनुष्य** की स्वाभाविक प्रवृत्ति है।

२. वह मेरे घर के **नजदीक/पास** रहता है।

३. कृष्ण ने सुदामा के **पद/चरण** अपने आँसुओं से धोए।

४. अर्जुन ने सारे **हथियार/अस्त्र** छुपा दिए।

५. गरीबों को **सहारा/सहायता** देना यह सभी का कर्तव्य है।

विलोम शब्दों के वाक्य:

१. **गाँव** से लोग पलायन कर रहे हैं।
शहर की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है।

२. शिक्षक ने विद्यार्थियों से **प्रश्न** पूछा।
युधिष्ठिर के **उत्तर** से यक्ष संतुष्ट हो गया।

३. स्वतंत्रता के **पहले** हिंदुस्तानी नागरिकों पर ब्रिटिश सरकार बहुत जुल्म करती थी।
सत्ता मिलने के **बाद** राजनीतिक पार्टियों का असली चेहरा सामने आ जाता है।

४. रामेश्वर की **छोटी** लड़की बहुत समझदार है।
बड़ी इमारत देखकर मनोहर स्तब्ध रह गया।

५. **सुख** बाँटने से बढ़ता है।
दुख बाँटने से घटता है।

उपयोजित लेखन [PAGE 10]

उपयोजित लेखन | Q 1 | Page 10

वृक्ष और पंछी के बीच का संवाद लिखो।

Solution:

वृक्ष:	आओ भाई, आओ! लगता है बड़ी दूर से आ रहे हो। आओ, मेरी डालियों पर बैठकर थोड़ा आराम कर लो और मीठे फल खाकर अपना पेट भर लो।
पंछी:	धन्यवाद भाई! आपके इस सहृदय स्वागत के लिए धन्यवाद।
वृक्ष:	कहो भाई, कहाँ से आ रहे हो?
पंछी:	मैं पहाड़ी के उस पार के जंगल से एक नए घर की तलाश में यहाँ आया हूँ।
वृक्ष:	नया घर! वह क्यों भाई?
पंछी:	मेरा पुराना बसेरा पिछले दिनों आए तूफान में ढह गया। अत: मुझे एक नए व सुरक्षित बसेरे की तलाश है।
वृक्ष:	अच्छा, भाई यदि तुम चाहो तो मेरी घनी डालियों के बीच अपना घोंसला बना सकते हो। वह सुरक्षित रहेगा और तुम्हें भोजन की कमी भी नहीं होगी।
पंछी:	हाँ भाई, तुम ठीक कह रहे हो।
वृक्ष:	यहाँ से थोड़ी दूर पर एक छोटी-सी नदी भी है। इससे तुम्हें पानी की भी समस्या नहीं होगी।
पंछी:	ठीक कह रहे हो भाई। मैं अपना घोंसला तुम्हारी डालियों पर ही बनाऊँगा।
वृक्ष:	आज से हम दोनों मित्र हैं और हम एक साथ रहेंगे।
पंछी:	अवश्य मित्र!

उपयोजित लेखन | Q 2 | Page 10

मैंने समझा

____

____

____

Solution: शहरों में बढ़ती भीड़ के कारण लोगों को मूलभूत सुविधाएँ भी नहीं मिल पा रही हैं। शहर की व्यवस्था डगमगा गई है। दूसरी ओर गाँवों का शहरीकरण होने लगा है, जिससे गाँव अपनी पहचान खोने लगे हैं। खेती छोड़कर लोग अब शहरों में नौकरी-धंधे करने लगे हैं। इसका प्रतिकूल प्रभाव खेती व पैदावार पर पड़ रहा है।